तापमान

अधिकतम 43.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 24 मई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 कार्यकर्ता निर्माण, वैचारिक मजबूती ...





13 खरीफ सीजन की शुरुआत में ही अन्नदाता परेशान ...




## खबर संक्षेप

### लड़की के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छिंदपाली में एक लड़की के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रतिज्ञा तांडी पिता करूणकर तांडी (15 साल) ने बताया कि 22 मई की दोपहर करीबन 12 बजे वह अपने नानी के साथ घर पर थी, उसी समय गांव के उत्तरा चौहान एवं तेजराज चौहान ने घर के अंदर घुसकर, तुम लोग हमारे खिलाफ थाना में शिकायत किये हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युवक पर चाकू से हमला

**महासमुंद।** मौहारीभांठा में युवक को चाकू से हमलाकर घायल करने वाले आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को वार्ड नं. 28 मौहारीभांठा निवासी टकेश्वर साहू ने बताया कि 22 मई की रात करीब 8 बजे वह और मौहारीभाठा का शुभम निषाद पानी टंकी के पास बैठे थे, इसी दौरान उसकी शुभम के साथ बहस हो गई। कुछ देर बाद हम दोनों अपने-अपने घर चले गए। रात्रि करीब 09.35 बजे वह तुलसी दुकान जा रहा था, तभी शुभम निषाद तुलसी किराना दुकान गली मौहारी भांठा महासमुंद के पास हाथ में मुर्गा काटने का चापड़ लेकर आया और मुझसे बहसबाजी करता है कहकर हत्या करने की नीयत से चापड़ से लगातार प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपी के द्वारा चापड़ से मारने से प्रार्थी के सिर, दोनो हाथ, बाएं हाथ की ऊंगली तथा शरीर के दूसरे हिस्सों में चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मंदिर गई महिला हुईं चेन स्नेचिंग की शिकार

**महासमुंद।** शिव पुराण कथा सुनने मां महामाया मंदिर गई एक महिला चेन स्नेचिंग की शिकार हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हुई है, जिसमें एक महिला गले से चेन खींचती हुई दिखाई दे रही है। मामली की रिपोर्ट पीड़ित महिला के पुत्र ने सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 16 पुराना रावणभाठा निवासी महिला समारिन बाई साहू 17 मई की शाम 4.30 बजे मां महामाया मंदिर शिव पुराण कथा सुनने के लिये गई थी। कथा समाप्ति के बाद वापस घर गई तो देखा कि गले पहनी हुई सोने की चेन 25 ग्राम और चेन में लगा हुआ 5 ग्राम का लॉकेट नहीं था। तब महिला के पुत्र रामेश्वर साहू ने मंदिर जाकर वहां लगा सीसीटीवी कैमरा को चेक किया। जिसमें दिखाई दिया कि प्रसाद ग्रहण करने के दौरान लगभग शाम 6.50 बजे दो महिलाएं दिख रही है, जिनमें से एक महिला गले से चेन निकाल कर चोरी करती हुई दिखाई दे रही है। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# नारकोटिक्स मामलों की सुनवाई अब सरायपाली में, स्पेशल कोर्ट की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ओडिशा बॉर्डर से सटे जिले के सरायपाली में गांजा और मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य शासन के निर्देश पर सरायपाली में 11 मई से स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट की शुरुआत कर दी गई है। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश पवन कुमार अग्रवाल को यहां का विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस कोर्ट में सिर्फ और सिर्फ ड्रग्स और गांजा तस्करी से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई होगी।

दरअसल, छत्तीसगढ़ में पड़ोसी राज्यों खासकर ओडिशा के रास्ते बड़े पैमाने पर गांजा, नशीली दवाएं और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। महासमुंद जिले का सिंघोड़ा थाना क्षेत्र, रेहटीखोल और पदमपुर से बसना के बीच स्थित पलसापाली जांच चौकी तस्करों का मुख्य रूट रहा है। पुलिस और एंटी नारकोटिक्स फोर्स की मुस्तैदी से यहां आए दिन करोड़ों का गांजा, ड्रग्स और अवैध सोना-चांदी पकड़ा जाता है। मामलों की संख्या इतनी अधिक हो गई थी कि नियमित अदालतों में केस पेंडिंग होते जा रहे थे। इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने बिलासपुर, रायपुर और महासमुंद के सरायपाली में तीन नए स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट शुरु किए हैं।

## कोर्ट में सिर्फ ड्रग्स और गांजा तस्करी से जुड़े मामलों की होगी त्वरित सुनवाई

### हर माह 100 से ज्यादा मामले

थानों में दर्ज आंकड़ों के अनुसार वर्ष वार दर्ज प्रकरणों की संख्या-2018-712, 2019-707, 2020-875, 2021-1123, 2022-1155, 2023-1286, 2024-1330। आंकड़ों से साफ है कि साल 2018 के मुकाबले 2024 तक आते-आते छत्तीसगढ़ में तस्करी के मामलों में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। राज्य में हर महीने औसतन 100 से ज्यादा मामले दर्ज हो रहे है। हाईकोर्ट की सहमति से एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 36 (2) के तहत विशेष अदालतों का गठन किया गया है, ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जा सके।




### तस्करों को मिल रही कठोर सजा

सरायपाली कोर्ट में पहले भी नियमित सुनवाई के दौरान गांजा तस्करी के करीब 15 बड़े मामलों में आरोपियों को 10 से 15 साल तक की सश्रम कारावास और भारी जुर्माने की सजा सुनाई जा चुकी है। वहीं रायपुर के स्पेशल कोर्ट ने पिछले 4 महीनों में ही 62 मामलों का निपटारा करते हुए तस्करों को कड़ी सजा दी है। अब सरायपाली में इस नई एक्सक्लूसिव अदालत के शुरू होने से सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय ड्रग माफिया और लोकल सप्लायर्स के खिलाफ कानूनी शिकंजा और तेजी से कसेगा।

## महतारी वंदन योजना : सर्वर डाउन-गर्मी ने बढ़ाई परेशानी

# जिले में 1.46 लाख से अधिक महिलाओं की ई-केवाईसी शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




महतारी वंदन योजना का लाभ लगातार पाने के लिए बैंक खातों का ई-केवाईसी अपडेट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिले में इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं चॉइस सेंटरों, ग्राम पंचायत भवनों और बैंकों के चक्कर काट रही हैं। शासन द्वारा ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। यदि इस समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं होती है, तो पात्र महिलाएं योजना के लाभ से वंचित हो सकती हैं। जिले में कुल 3 लाख 3 हजार 808 महिलाओं का ई-केवाईसी किया जाना तय किया गया है। सरकारी दावों और प्रयासों के बावजूद अब तक केवल 1 लाख 57 हजार 359 हितग्राहियों ने ही अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा किया है। इसका सीधा मतलब यह है कि जिले में अभी भी 1 लाख 46 हजार 449 हितग्राहियों का ई-केवाईसी होना शेष है, जो कि कुल लक्ष्य का लगभग आधा हिस्सा है।

### कड़ी गर्मी में परेशान हो रहीं महिलाएं

वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। इस तेज धूप और उमस के बीच ग्रामीण इलाकों से महिलाएं बस और अन्य साधनों से चॉइस सेंटरों तथा पंचायत भवनों तक पहुंच रही हैं। काम समय पर न होने के कारण उन्हें पूरा दिन केंद्रों पर ही बिताना पड़ रहा है। इस पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए हितग्राही महिलाओं को अपने साथ आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक और लिंक किया हुआ मोबाइल नंबर लेकर जाना अनिवार्य है। इस राशि की निरंतरता बनाए रखने के लिए 1 अप्रैल से 30 जून के बीच ई-केवाईसी का यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### फिंगरप्रिंट न मिलने से बढ़ी दिक्कत

ई-केवाईसी की धीमी रफ्तार के पीछे तकनीकी समस्याएं एक बड़ा कारण बनकर उभरी हैं। जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आए दिन सर्वर डाउन होने की समस्या सामने आ रही है। इस वजह से घंटों इंतजार करने के बाद भी महिलाओं का काम नहीं हो पा रहा है। प्रक्रिया के तहत महिलाओं को सबसे पहले एक फॉर्म भरकर जमा करना होता है, जिसके बाद संबंधित बैंक कर्मचारी या चॉइस सेंटर संचालक पोर्टल पर डेटा अपडेट करते हैं। तकनीकी दिक्कतों के साथ-साथ एक और बड़ी व्यावहारिक समस्या फिंगरप्रिंट (बायोमेट्रिक) मशीन को लेकर आ रही है। कई बुजुर्ग और श्रमिक महिलाओं के हाथों की रेखाएं घिस जाने के कारण मशीन उनके फिंगरप्रिंट को स्वीकार नहीं कर पा रही है। इसके चलते महिलाओं को बार-बार चॉइस सेंटरों और बैंकों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

# अब घटनास्थल पर ही होगी प्रारंभिक वैज्ञानिक जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ महासमुंद पुलिस को मिली हाईटेक फॉरेंसिक मोबाईल वैन



गंभीर अपराधों की जांच को अधिक सटीक और तेज बनाने के लिए महासमुंद पुलिस अब अत्याधुनिक फॉरेंसिक मोबाइल वैन से लैस हो गई है। यह वैन एक चलते-फिरते वैज्ञानिक प्रयोगशाला (मोबाइल लैब) के रूप में काम करेगी। इस नई तकनीक के आने से अब पुलिस को फॉरेंसिक टीम के पहुंचने का लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आज रक्षित केंद्र महासमुंद में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों और जिला अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में इस अत्याधुनिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उक्त 'फॉरेंसिक मोबाइल वैन' चलते-फिरते वैज्ञानिक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगी, जघन्य अपराधों (जैसे हत्या, लूट और महिला संबंधी अपराध) के मामलों में त्वरित वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन सुनिश्चित करेगी। इसके माध्यम से घटना स्थल के दूषित होने से पहले ही क्रिटिकल डिजिटल और जैविक साक्ष्यों को सुरक्षित किया जा सकेगा, जो अपराधियों को त्वरित सजा दिलाने और पीड़िता को समय पर न्याय दिलाने में मिल का पत्थर साबित होगी। मानव रक्त परीक्षण, हस्तलिपि परीक्षण, फिंगर प्रिंट, फुट प्रिंट लिफ्ट करने, डाटा रिट्रीव, हैंड राइटिंग प्रायमरी परीक्षण, अत्याधुनिक कैमरा, सूक्ष्मदर्शी से एनालिसिस, इत्यादि कार्य तत्काल किये जा सकते है।

फॉरेंसिक मोबाईल वैन को रवाना करने से पूर्व जिला फॉरेंसिक वैज्ञानिक अधिकारी डॉ लवकेश सिंग द्वारा सांसद एवं उपस्थिति जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को उक्त अत्याधुनिक फॉरेंसिक वैन का बारीकी से निरीक्षण कराते हुए वैन की उपयोगिता, महत्व एवं कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात छत्तीसगढ शासन द्वारा प्रदत्त उक्त अत्याधुनिक फॉरेंसिक मोबाइल वैन को सांसद महासमुंद लोकसभा रूपकुमारी चौधरी, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हेतराम साहू, विनय लंगेह कलेक्टर महासमुंद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, राहुल चंद्राकर कोषाध्यक्ष भाजपा जिला महासमुंद, महासमुंद जिला मीडिया प्रभारी आनंद राम साहू की गरिमामयी उपस्थिति में नए फॉरेंसिक मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर जिला मुख्यालय से रवाना किया गया। कार्यक्रम में जिला फॉरेंसिक वैज्ञानिक अधिकारी महासमुंद डॉ. लवकेश सिंग, डीएसपी (मुख्यालय) चुन्नू तिग्गा, डीएसपी (यातायात) घनेंद्र ध्रुव, दीप्ति कश्यप रक्षित निरीक्षक महासमुंद एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# मारपीट के बाद घायल युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, मामला हुआ गंभीर

**महासमुंद।** ग्राम बकमा निवासी चितरंजन पटेल (23 वर्ष) की उपचार के दौरान मौत हो जाने के बाद शुक्रवार को क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण शुक्रवार को शव को एंबुलेंस में लेकर कोमाखान थाना पहुंच गए थे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा मामले में हत्या की धाराएं जोड़ने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। करीब तीन घंटे तक चले धरने के बाद पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त हुआ, हालांकि ग्रामीणों ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल 2026 को नर्रा रोड पर स्थित एक पोल्ट्री फार्म के समीप चितरंजन पटेल अपनी मोटरसाइकिल सहित अचेत अवस्था में मिला था। उसकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे एक बिजली के खंभे के पास खड़ी मिली थी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने उसे बागबाहरा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए महासमुंद स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए। परिजनों के अनुसार करीब आठ से दस दिन तक बेहोश रहने के बाद जब चितरंजन को होश आया तो उसने अपने माता-पिता को बताया कि उसके साथ पुंजल साहू, दीपेश साहू निवासी टोंगोपानी तथा खिलावन टंडन निवासी मनबाय द्वारा मारपीट की गई थी। उसने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसे डंडों से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इसके बाद परिजनों ने कोमाखान थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने 3 मई को अपराध दर्ज किया था। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115 (2), 351(2), 126 (2), 324 (4) एवं 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। थाना प्रभारी साहू ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा संबंधित अस्पतालों को लिखित पत्र भेजकर चितरंजन पटेल की मेडिकल रिपोर्ट मांगी गई थी। उन्होंने कहा कि अब तक मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण चोटों की गंभीरता का विधिवत परीक्षण नहीं हो पाया था। इसी वजह से उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्रारंभिक धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि मारपीट के कारण चितरंजन की हालत लगातार गंभीर बनी रही। अस्पताल, महासमुंद में उपचार के बाद उसे आगे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल, महासमुंद में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार रात उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि उसके शरीर पर गंभीर चोटें थे और मारपीट के कारण ही उसकी मौत हुई। उनका कहना है कि युवक के हाथ-पैर तक काम नहीं कर रहे थे और उसका लंबे समय तक गंभीर हालत में इलाज चलता रहा।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि नामजद आरोपी अवैध शराब बिक्री का काम करते हैं और इसी कारण मामले में कार्रवाई में देरी हुई। हालांकि इस संबंध में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। चितरंजन की मृत्यु के बाद शुक्रवार को लगभग शाम 4 बजे परिजन और ग्राम बकमा के बड़ी संख्या में ग्रामीण शव को एंबुलेंस में लेकर कोमाखान थाना पहुंचे। ग्रामीणों ने थाना परिसर में शव रखकर धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि युवक की मौत के बाद मामले में हत्या की धाराएं जोड़ी जाएं और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। धरना स्थल पर एसडीओपी त्रिपाठी पहुंचे और ग्रामीणों तथा परिजनों से चर्चा की। काफी देर तक चली बातचीत के बाद एसडीओपी द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने शाम करीब 7 बजे धरना समाप्त कर दिया और शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव ले गए। धरना समाप्त करने से पहले ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वे पुनः कोमाखान थाना पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

### बाइक की टक्कर से एक्टिवा में सवार दो युवक घायल

**महासमुंद।** एक्टिवा वाहन से बागबाहरा जा रहे दो युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को छिलपावन निवासी शमशेर सिंह ने बताया कि उसके नाम से एक्टिवा कंपनी की स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी-06-जीजेड-8262 है। जिसे मेरे दोस्त देवेंद्र हाथी और डेनिस कश्यप 20 मई की शाम करीबन 04 बजे बागबाहरा जाने के नाम पर मांगकर जा रहे थे। शाम करीबन 04.30 बजे देवेंद्र हाथी ने बताया कि नरतोरा एचपी पेट्रोल पंप के सामने पहुंचने पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी-06-जीएच-2331 के चालक ने सामने से एक्सीडेंट कर दिया है। सूचना मिलने पर प्रार्थी और डेनिस के पिता लोमन कश्यप घटनास्थल पर पहंचे तो देखा कि देवेंद्र हाथी एवं डेनिस कश्यप घायल अवस्था में गिरे हुए थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।






# अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 5 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध खनिज उत्खनन (माइनिंग) और परिवहन करने वालों के खिलाफ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के सख्त निर्देशन में खनिज विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एक विशेष जांच अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पिछले तीन दिनों 21, 22 और 23 मई में लगातार कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध रूप से खनिज का परिवहन कर रहे 5 बड़े हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है।

खनिज विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, जांच टीम ने जिन वाहनों को पकड़ा है, उनमें अवैध रूप से साधारण रेत ले जा रहे 3 हाइवा और गिट्टी (स्टोन चिप्स) से भरे 2 हाइवा वाहन शामिल हैं। खनिज विभाग के पास इन वाहनों के चालकों द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, जब्त किए गए इन सभी 5 वाहनों को तुमगांव और महासमुंद थाने में खड़ा करवा दिया गया है और उन्हें पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

### अधिनियम के तहत होगी कड़ी कार्रवाई



खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए सभी वाहनों के मालिकों और चालकों के खिलाफ खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, दोषियों के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है, जिसमें भारी जुर्माना और अन्य कानूनी कदम शामिल हैं।

### प्रशासन की सख्त चेतावनी

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध उत्खनन या बिना रॉयल्टी पर्ची के खनिजों के परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन और खनिज विभाग की संयुक्त टीमें आने वाले दिनों में भी इस तरह का जांच अभियान जारी रखेंगी। अधिकारियों ने कहा कि अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ताकि पर्यावरण और सरकारी राजस्व को होने वाले नुकसान को रोका जा सके।




## खबर संक्षेप



### मुनगासेर में मनाया गया सुशासन त्योहार

**झलप।** ग्राम मुनगासेर में सुशासन त्यौहार के अंतर्गत पंद्रह पंचायतों के ग्रामीणों के समस्याओं के निवारण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे, अध्यक्षता सरपंच ऋतु जोहत निषाद ने की। इस शिविर में करीब 25 विभाग के प्रमुख एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी और बताया गया कि स्वयं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस प्रचंड गर्मी में हर दिन किसी भी जिले के गांव में पहुंच कर जनता की समस्याओं का स्वयं निराकरण कर रहे है। शिविर में कुल 2904 आवेदनों में मांग के 2867 और शिकायत के 37 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 381 मांग आवेदनों को तुरंत निराकृत किया गया। शिविर में प्राप्त आवेदन प्रमुख रूप से आवास योजना, भूमिहीन किसान योजना, विघुत बिल समाधान योजना के लिए प्राप्त हुआ। आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवास के पांच हितग्राहियों को आवास की चाबी भेंट की गई। 53 आबादी पट्टे का वितरण तथा 3 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध कराया किया गया। ग्राम झलप को टीबी मुक्त घोषित किया गया। शिविर में प्रशासन की ओर से एसडीएम महासमुंद, कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मानसिक रोग की जांच आज

**महासमुंद।** शहर के मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में आज रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक डॉ. प्रखर शर्मा (मनोरोग विशेषज्ञ) मनोपचार हास्पिटल रायपुर अपनी सेवाएं देंगे। जहां वे मानसिक रोग की जांच करेंगे। जिसमें अवसाद, घबराहट, बेचैनी, सरदर्द, तनाव, चिड़चिड़ाहट, नींद ना आना, डर लगना, बेवजह शक करना, बार-बार हाथ धोना या बात दोहराना, झटके, चक्कर या बेहोशी आना, याददाश्त में कमजोरी आना, रास्ते, नाम इत्यादि भूल जाना बहुत ज्यादा बोलना, मारपीट करना, बेवजह पैसे खर्च करना या वस्तुओं का नुकसान करना, नशे की लत जैसे दारु, गांजा, भांग, चरस, स्मैक, तंबाखू, गुटखा इत्यादि आदि बीमारियों के बारे में परामर्श ले सकते हैं।

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 से 12 जून तक

**धमतरी।** भारतीय सेना में भर्ती वर्ष 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की तिथि भारतीय सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 जून से 5 जून तथा 8 जून से 12 जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रदेश के पांच शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के कुल 10 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी।

## प्रशिक्षण : घुंचापाली में भाजपा जिला स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

# कार्यकर्ता निर्माण, वैचारिक मजबूती एवं संगठन विस्तार पर हुआ व्यापक मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन बागबाहरा स्थित चंडी माता मंदिर परिसर घुंचापाली में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से पहुंचे भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता एवं नेतृत्व विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त किया।

समापन सत्र के अवसर पर लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, त्रिलोचन पटेल, परेश बागबाहरा तथा वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों, बूथ सशक्तिकरण, सोशल मीडिया की भूमिका, सेवा कार्यों एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर विशेष सत्र आयोजित किए गए। द्वितीय दिवस के वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय, भाजपा आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल तथा वर्ग प्रमुख अभिनेष कश्यप ने कार्यकर्ताओं को अपने अपने विषय पर संबोधित करते हुए भाजपा की विचारधारा, राष्ट्र प्रथम की भावना एवं संगठनात्मक कार्यपद्धति पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन इसलिए बना क्योंकि यहां कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रशिक्षण देकर वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से मजबूत किया जाता है।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा एवं जनहित के कार्यों के लिए सदैव समर्पित रहता है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं संगठन के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक सशक्त बनाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने प्रशिक्षण महाअभियान को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए कहा कि वैचारिक रूप से सशक्त कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं। कार्यक्रम के दौरान नियंत्रण की जिम्मेदारी वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश चौधरी ने संभाली। जबकि आभार प्रदर्शन भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने किया। संचालन भाजपा जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी एवं थानसिंह दीवान ने किया। अंत में राष्ट्रगीत के साथ प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत समापन किया गया।



### सुशासन तिहार शिविर में दिव्यांग छात्र को मिला स्मार्टफोन व राइटिंग पैड

**झलप।** ग्राम मुनगासेर (झलप) में आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झलप में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र विजय को शिक्षा विभाग की ओर से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा स्मार्ट मोबाइल फोन एवं राइटिंग पैड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, शिक्षकगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है, और हर विद्यार्थी तक सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

### चितरंजन के परिजनों से मिले विधायक, 20 लाख मुआवजे की मांग

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम कुसमी पहुंचकर मृतक चितरंजन पटेल के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और उन्हें हर हाल में न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मृतक के परिवार को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग भी की। गौरतलब है कि चितरंजन पटेल की कुछ लोगों द्वारा की गई बेरहमी से पिटाई के कारण गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव के साथ कोमाखान थाने का घेराव कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने निष्पक्ष जांच और सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया है।





### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**झलप।** छत्तीसगढ़ सतनाम सेना के तत्वावधान में ग्राम झलप में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सतनामी समाज के गुरु पुत्र युवराज एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहब, विशिष्ट अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी रही। इस समारोह में अनुसूचित जाति के 60 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संबोधन में गुरु खुशवंत साहब ने प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान को एक अच्छी पहल बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यूपीएससी, स्टेट पीएससी, बैंकिंग या अन्य किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के लिए निम्न आय वर्ग के बच्चों के लिए कोचिंग की सुविधा, पुस्तक आदि के लिए नगद राशि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। गुरु खुशवंत साहब ने सभी साठ विद्यार्थियों को पांच-पांच हजार की प्रोत्साहन राशि, पंथी दल को 15 हजार, मंगल भजन दल की वाद्य यंत्र के लिए 15 हजार, ग्राम बरेकेल में स्वागत द्वार के लिए 15 हजार रुपए का ऐलान किया गया। मंच का संचालन आत्माराम मार्कंडेय ने किया।



### सरायपाली में एचपीवी टीकाकरण का धूम पीएचसी बलोदा से शतक हुआ पूरा

सरायपाली। जिले में कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान में स्थानीय जनता एवं बालिकाओं की रुचि ने इस टीकाकरण कार्य को एक नई रफ्तार दे दिया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में जिले में पात्र बालिकाओं को एचपीवी का वैक्सीन लगाया जा रहा है। इसी क्रम में पीएचसी बलोदा में आयोजित टीकाकरण सत्र में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी 56 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाकर प्रमाण पत्र दिया गया है। इस तरह से विकासखंड सरायपाली आज दिनांक तक 113 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। यह टीका भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इस टीकाकरण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर डोलमणि भोई ने अपने पुत्री जेसिनी भोई को एचपीवी वैक्सीन लगवाया तथा जनपद सदस्य बलोदा पद्मिनी प्रदीप भोई द्वारा किया गए प्रयासों से क्षेत्र की अन्य बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक टीकाकरण कराया। उनके द्वारा आम नागरिकों को संदेश दिया गया है कि बालिकाओं को किसी भी तरह अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है, यह टीका पूर्णतः सुरक्षित है। इस शिविर में डॉ कुणाल नायक (बीएमओ), टीआर धृतलहरे (बीईटीओ), डोलमणि भोई (सुपरवाइजर), प्रगति शर्मा, पूजा नाग (नर्सिंग आफिसर), जानकी बरिहा), बरतराम सोनवानी, भेषज साहू, पूर्णिमा रावल, सुशीला विभार, मायावती चौहान, विनय कुमार बारीक, यशपाल पटेल, रुपेश साहू, उदय साहू (ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक), मीरा ध्रुव, हेमकुमारी ध्रुव, देवश्री दीवान, धानेश्वरी पटेल (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी), धर्म सिंग (वार्ड ब्वाय), दीपिका देवांगन (वार्ड आया) एवं स्थानीय मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग का सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# विभिन्न विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शनिवार को ग्राम बिरकोनी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें चार अलग-अलग वार्डों में नाली निर्माण का लोकार्पण एवं शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। साथ ही विधायक सिन्हा ने ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। इसके अलावा उनकी समस्याओं से रूबरू होकर जल्द निराकरण का आश्वासन भी दिया।

बता दें कि ग्राम बिरकोनी में अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण निधि से वार्ड क्रमांक 02, 07, 08 और 15 में 4-4 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। वहीं अधोसंरचना विकास निधि से 12 लाख रुपए की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार सभी क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कर रही है। हमारी सरकार ने जो वादा किया था वो निभा रहे हैं।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, महामंत्री साजन यादव, जनपद सदस्य विष्णु साहू, ग्राम सरपंच चंदन चंद्राकर, सोसाइटी अध्यक्ष तुलस साहू, पंचगण हेमलाल चंद्राकर, टकेश्वर सेन, पवन साहू, डेरहीन ध्रुव, भाजपा नेतागण दिनेश रूपरेला, रामेश्वर पटवा, अभिषेक पांडे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




# भू-माफियाओं व रसूखदारों को लाभ पहुंचाने के लिए मंत्रालय से बनाया जा रहा दबावः चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राजस्व विभाग में अधिकारियों पर गलत काम करने और संदिग्ध मामलों में शामिल भू-माफियाओं व रसूखदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए मंत्रालय स्तर से दबाव बनाने का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। पूर्व विधायक, प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. विमल चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए आरोप लगाया है कि भारतमाला परियोजना में संदिग्ध भूमिका निभाने वाले और विवादों में घिरे लोग रायपुर मंत्रालय से फोन करवाकर स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं।

डॉ. चोपड़ा ने इस पूरे मामले में मुख्य रूप से दुर्गेश वर्मा की भूमिका को उजागर किया है, जो पूर्व में महासमुंद में एडीएम और डिप्टी कलेक्टर के पद पर रह चुका हैं। डॉ. चोपड़ा ने कहा, दुर्गेश वर्मा द्वारा महासमुंद के जमीन संबंधी विवादित और संवेदनशील प्रकरणों में गलत तरीके से संलिप्त लोगों की सहायता करने और उनके पक्ष में फैसला दिलवाने के लिए स्थानीय अधिकारियों पर निरंतर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए डॉ. विमल चोपड़ा ने बताया कि दुर्गेश वर्मा को इससे पहले राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के यहां से भी इसी आधार पर हटाया गया था क्योंकि, उसका नाम कई मामलों में संदेहास्पद था और वह लगातार संदेह के घेरे में बना हुआ था। इसके बावजूद अब बिना संबंधित विभागीय मंत्री की जानकारी के सीधे राजस्व विभाग में फोन कर जमीनों के मामलों में बड़ी हेराफेरी करने वाले लोगों के पक्ष में अनुचित निर्णय करवाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। सरकारी तंत्र और पद का दुरुपयोग करके भू-माफियाओं को फायदा पहुंचाने के इस संगठित खेल को लेकर डॉ. विमल चोपड़ा ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने इस अत्यंत गंभीर विषय को लेकर महासमुंद कलेक्टर से भी फोन के माध्यम से सीधे शिकायत दर्ज कराई है और मामले की संवेदनशीलता व इससे राजस्व को होने वाले नुकसान से उन्हें अवगत कराया है।



राजस्व विभाग में चल रहे इस भ्रष्टाचार और दबाव की राजनीति को समाप्त करने तथा दोषियों को सजा दिलाने के लिए डॉ. विमल चोपड़ा द्वारा इस पूरे प्रकरण की एक विस्तृत लिखित शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री और मुख्य सचिव को भेज दी गई है, जिसमें दुर्गेश वर्मा के खिलाफ सख्त और दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही महासमुंद जिले में जमीनों से जुड़ी इस बड़ी गड़बड़ी की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्च स्तरीय जांच सुनिश्चित करने के लिए शिकायत की एक प्रति प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भी प्रेषित की जा रही है। ताकि, दिल्ली स्तर से भी इस पर नजर रखी जा सके और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को बिना किसी राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव के ईमानदारी से काम करने का माहौल मिल सके।

## खबर संक्षेप



### ब्लाइंड फुटबॉल प्रीमियर लीग गुजरात में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने जीता रजत पदक

**महासमुंद।** इंडियन ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा ब्लाइंड स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग सीज़न 02 का आयोजन स्पोर्ट्स एकेडमी रामपुरा जिला आनंद गुजरात में 20 से 22 मई 2026 तक आयोजित किया गया। जिसके लिए खिलाड़ी गुजरात रवाना हुए। जिसमें जिले के बालिका टीम में प्रीति यादव, देव मोती, मोनिका सिदार, ज्योति निषाद, डुमेश्वरी साहू, गोलकीपर उमेश्वरी साहू एवं टीम गाईड रनर में सेवन साहू एवं कोच व टीम मैनेजर निरंजन साहू शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने महाराष्ट्र से फाइनल मैच खेला। जिसमें छत्तीसगढ़ को हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक महाराष्ट्र ने जीता एवं रजत पदक छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुआ।

### आदिवासी परिवार को न्याय दिलाने आप करेगी पिथौरा थाने का घेराव

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत टेका, सुंदरगढ़ निवासी मनबोध कोडाकु और उनके परिवार को भाजपा नेता दुलीकेशन साहू द्वारा जातिसूचक गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं अन्य गंभीर कृत्य के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पीड़ित आदिवासी परिवार को न्याय दिलाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जुटे हैं। इसी तारतम्य में पार्टी द्वारा एसपी कार्यालय का घेराव किया गया और पीड़ित परिवार के साथ हर कदम पर खड़े रहे। इसके बावजूद 6 माह तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। चंद्राकर ने कहा कि दुलीकेशन साहू और उसकी पत्नी किरण साहू जो वर्तमान में सरपंच है, के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुए आज 17 दिन हो गए है, उसके बाद भी आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। दरअसल, इस मामले में आरोपी को पुलिस के एक आलाअधिकारी का संरक्षण प्राप्त है। उसके द्वारा उल्टे पीड़ति परिवार पर समझौता के लिए दबाव बनाया जा रहा है, उन्हें बार बार पूछताछ के लिए थाना बुलाया जा रहा है। इसके कारण पीड़ित आदिवासी परिवार लगातार भय और मानसिक तनाव में जीवनयापन कर रहे है। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो पार्टी के कार्यकर्ता आदिवासी परिवार और आदिवासी समाज के साथ मिलकर 25 मई को पिथौरा थाना का घेराव करेगी।

**समस्या : किसानों ने प्रति एकड़ कम से कम 2 बोरी यूरिया देने की मांग शासन-प्रशासन से की गई**

# खरीफ सीजन की शुरुआत में ही अन्नदाता परेशान सोसायटी में एक एकड़ पर महज एक बोरी यूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

आगामी खरीफ सीजन को लेकर क्षेत्र के

- **5 एकड़ से अधिक रकबे वालों को दो किस्तों में खाद देने के नियम से बढ़ा आर्थिक बोझ**

किसानों ने खेतों की तैयारी और खाद-बीज का उठाव शुरू कर दिया है, लेकिन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (मर्यादित) परसुली सोसायटी के अंतर्गत परकोम, परसुली, पंडरीपानी, कारागुला, बनियातोरा, सेनभांठा, खट्टी, अमनपुरी इत्यादि गांवों के किसान बड़ी संख्या में सुबह 7 बजे से खाद उठाव के लिए पहुंच रहे है।

ज्ञात हो कि सरकारी नियमों और खाद की किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। समिति द्वारा वर्तमान में किसानों को प्रति एकड़ के मान से केवल 1 बोरी डीएपी और मात्र 1 बोरी यूरिया, 1 बोरी पोटाश का वितरण किया जा रहा है, जिसे अन्नदाताओं ने नाकाफी बताते हुए "ऊंट के मुंह में जीरा" करार दिया है। जरूरत और सप्लाई में भारी अंतर क्षेत्र के किसानों ने जमीनी हकीकत बयां करते हुए कहा कि धान की अच्छी और भरपूर फसल के लिए प्रति एकड़ कम से कम 1 बोरी डीएपी और 3 बोरी यूरिया की सख्त जरूरत होती है।

इसके विपरीत सोसायटी द्वारा महज 1 बोरी यूरिया थमाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि इस अव्यावहारिक कोटे के कारण फसल की शुरुआती ग्रोथ ही रुक जाएगी। सोसायटी से पूरा कोटा न मिलने की स्थिति में किसानों को मजबूरन खुले बाजार (निजी दुकानों) का रुख करना पड़ेगा, जिससे खेती की लागत दोगुनी हो जाएगी और किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा। सरकारी व्यवस्था से असंतुष्ट किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि व्यावहारिक संकट को देखते हुए सरकार तुरंत नियमों में ढील दे और प्रति एकड़ कम से कम 2 बोरी यूरिया का वितरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। ताकि, फसल को बर्बाद होने से बचाया जा सके।



### किस्त सिस्टम से दोहरी मार, मुसीबत यहीं खत्म नहीं होती

5 एकड़ या उससे अधिक कृषि भूमि वाले किसानों के लिए दो किस्तों में खाद देने का नया फरमान जारी किया गया है। 5 से 7 किलों मीटर दूर-दराज के गांवों से भारी-भरकम किराया देकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लाने वाले किसानों को अब एक ही काम के लिए दो बार परिवहन का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है, जिससे मध्यम और बड़े किसानों में भारी रोष है। इस संबध समिति प्रबंधक राजेश पटेल कहना है कि छोटे किसानों को प्रति 1 एकड़ 1बोरी डीएपी, 1 बोरी पोटास और मात्र 1 बोरी यूरिया इसी तरह दो एकड़ वाले को 1 बोरी डीएपी, 1 बोरी पोटाश और 2 बोरी 3 एकड़ वाले मझोले किसान को दो बोरी डीएपी 1 बोरी, पोटाश और 4 बोरी यूरिया। वही 4 एकड़ वाले को 2 बोरी डीएपी, 1 पोटाश और 5 बोरी यूरिया वितरण किया जा रहा है। 5 एकड़ से ऊपर वाले किसानों को दो किस्त में खाद का वितरण होगा। इस प्रकार पहला ही दिन में 31 टन यूरिया 10 टन डीएपी और 7 टन पोटाश किसानों को वितरण किया गया। इस दौरान किसान सेतराम पटेल, नेताराम सिन्हा टेक प्रकाश यादव, मधु यादव, पंचराम पटेल, सिया यादव, डिगंबर चक्रधारी, धरमचंद, गणेश राम, उमेश मांझी. राजू, मनिहार पटेल, गोलाराम, पंचराम, गौतम, धनसिंह, रतन, गंगाराम समेत किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजपा ने फूंका पुतला

## लोकतांत्रिक मर्यादाएं भूल चुकी है कांग्रेस : आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के लिए कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश आह्वान पर शुक्रवार को पिथौरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भाजयुमों मंडल अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित ने कहा कि राहुल गांधी का बयान अराजक मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि देश की जनता द्वारा चुने गए नेताओं के प्रति इस प्रकार की भाषा पूरे देश और लोकतंत्र का अपमान है। कांग्रेस नेताओं को अपनी भाषा और आचरण में संयम रखना चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बयान अशोभनीय, हताशा और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, प्रीतराम सूर्ये, वेदप्रकाश गोयल, सीताराम सिन्हा, जतिन ठक्कर, सालिकराम डड़सेना, राजेश चौधरी, अंशुल तिवारी, कुलजीत आजमानी, टिकेलाल साव, मोनू सलूजा, सुधीर प्रधान, अनूप टांडी, पोलेश मिश्रा, रोमन साहू, तुषार बंसल, प्रतीक बोस, श्रेयांस श्रीवास्तव, विक्की निर्मलकर, जितेंद्र ध्रुव, गणेश राम यादव, सोमनाथ यादव, हेमंत जाधव, अंशु सिन्हा, घुरवा पटेल, मोहित कुमार, सचिन नायक सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भाजयुमो ने फूंका राहुल-बैज का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के दिशा निर्देश में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी व दीपक बैज के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और अराजक मानसिकता का परिचायक बताया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय राजनीति में मर्यादा, औचित्य और सामाजिक सद्भाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। लेकिन, राहुल गांधी का हालिया बयान इन मूल्यों के विपरीत है। लगातार चुनावी पराजय के कारण कांग्रेस नेता की भाषा और व्यवहार में हताशा झलक रही है।



भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि क्या नक्सलवाद का उन्मूलन, देश की सीमाओं की रक्षा और तिरंगे की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाना देशद्रोह की श्रेणी में आता हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने पुतला दहन के पश्चात कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास अब न तो कोई विजन बचा है और न ही कोई ठोस मुद्दा। जब-जब कांग्रेस जनता के बीच अपना आधार खोती है, वह इसी तरह की अमर्यादित और निम्न स्तर की बयानबाजी पर उतर आती है। भाजपा यह स्पष्ट करती है कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध किए गए हर अपशब्द का जवाब हम विकास कार्यों और जनता के बीच जाकर देंगे। कांग्रेस नेताओं को अपनी भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए और इस प्रकार की अभद्र टिप्पणियों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, जिला मंत्री मनीष बंसल, शहर मंडल महामंत्री द्वय मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर, महिला मोर्चा जिला महामंत्री शुभ्रा मनीष शर्मा, नंदू जलक्षत्री, हनीश बग्गा, सोनाधर सोनवानी, पार्षदगण चंद्रशेखर बेलदार, धनेश्वरी सोनवानी, कल्पना सूर्यवंशी, पूर्व पार्षद उषा पाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडे, जिला मंत्री जतिन रूपरेला, गोपी कन्नौजे, डिगेश साहू, अमित साहू, भाजयुमो शहर मंडल महामंत्री द्वय आयुष दुबे, दीपक राव, अभिषेक पांडे, कुशल साहू, अंकुश गौर, कादर राजपूत, रोमी गुरुदत्ता, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा के समर्थक राकेश सचदेव, समसू खान, रोमिल चंद्राकर सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# ग्रामीण मंडल भाजयुमो ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

- **प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पर बयानबाजी को लेकर जताया विरोध**
- **भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ की नारेबाजी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ऊपर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अनुचित व अमर्यादित बयानबाजी करने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के निर्देशन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा के आव्हान पर शुक्रवार को बागबाहरा ग्रामीण मण्डल मुख्यालय तेंदुकोना बस स्टैंड में राहुल गाँधी व कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष रुपेश साहू, महामंत्री प्रकाश पटेल, वरिष्ठ चिंताराम साहू, बलराम दीक्षित, भाजयुमो अध्यक्ष मोहित साहू, महामंत्री कोमल साहू, अजजा अध्यक्ष अजय ध्रुव, उपसरपंच उज्ज्वल अग्रवाल, हरीश जगत, दुर्गेश साहू, महेंद्र दीवान, योगराज दीवान, तोमेश्वर सोनवानी, मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू आदि मौजूद रहे।

# सपोस में हुआ रात्रिकालीन क्रिकेट का महामुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

विधानसभा क्षेत्र बसना अंतर्गत आने वाले ग्राम सपोस (गबौद) में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहेब, सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हुए। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहेब नयुवाओं की मांग पर बैटिंग करने क्रीज पर उतरे। उन्होने कहा मैदान पर उतरकर पुराने दिन याद आ गए। खेल हमें शारीरिक रूप से चुस्त रखने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी ऊर्जावान बनाए रखता है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष एतराम साहू, जनपद अध्यक्ष पिथौरा ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा ब्रह्मानंद पटेल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बसना मोहित पटेल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा तरुण व्यवहार, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, बसना विधायक प्रतिनिधि कैलाश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरप्रसाद पटेल अंबु, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, जनपद सदस्य पिथौरा पुरुषोत्तम धृतलहरे, सभापति जनपद पिथौरा दिनेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष भाजपा सांकरा हलधर साहू, अध्यक्ष युवा मोर्चा सांकरा विजय चौधरी, संरक्षक कोलता समाज हरिचरण प्रधान, सरपंच ग्राम पंचायत सपोस किशोर बघेल, सरपंच ग्राम पंचायत लारीपुर हेमंत ठाकुर, मीडिया प्रभारी आर्थिक प्रकोष्ठ विजय पटेल, सोसायटी अध्यक्ष सलडीह रविप्रकाश प्रधान, सोसायटी अध्यक्ष सपोस निरंजन यादव, सोसायटी अध्यक्ष जेराभरन बाबूलाल साव, सोसायटी अध्यक्ष देवसराल प्रहलाद पटेल, सोसायटी अध्यक्ष देवरी गणेश पटेल, तहसीलदार पिथौरा मोहित अमिला, एसडीएम पिथौरा बजरंग वर्मा, सीएमओ बसना सूरज सिदार, राजमहंत पीएल कोसरिया, ब्लॉक अध्यक्ष तरुवर कोसरिया, राष्ट्रीय अम्पायर हेमंत बारीक, युवा नेता पिथौरा सौरभ अग्रवाल, युवा नेता सराईपाली शिशुपाल बारीक, सरपंच छुवाली पतेरा महेश विशाल, उपाध्यक्ष युवा मोर्चा बसना सुशांत साहू, आकाश पात्र, बसना एवं पिथौरा के पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीण और हजारों खेल प्रेमी देर रात तक मैदान में डटे रहे।



**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक /688/ तह./ वाचक/ 2026
बागबाहरा दिनांक 08/05/2026
रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2025-26
ग्राम तेंदूकोना प.ह.नं. 8 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम तेंदूकोना पहनं 8 रानिमं तेंदूकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक लुभान सिंह पिता हिरासिंह जाति कंवर निवासी ग्राम तेंदूकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे बहन देवकी दीवान जाति कंवर की मृत्यु दिनांक 15.11.1987 को हो गई है। मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजार दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 02/06/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 18/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.......वर्ष
ग्राम प.ह.नं.
रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह.
पिथौरा, जिला महासमुंद

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कोदोपाली के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक जगन्नाथ पिता गोपाल जाति गोड़ साकिन कोदोपाली प.ह.न. 25 रानिम भुरकोनी तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने मां रैमोतिन पिता स्व.गोपाल की दिनांक 9/5/2008 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतू आवेदन पेश किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर / दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 03/06/26 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर / दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर / दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 20/5/2026 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पिथौरा

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.......वर्ष
ग्राम प.ह.नं.
रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह.
पिथौरा, जिला महासमुंद

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कोदोपाली के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक जगन्नाथ पिता स्व. गोपाल जाति गोड साकिन कोदोपाली प.ह.न. 25 रानिम भुरकोनी तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने मां उमरीत पति स्व. गोपाल की दिनांक 20/4/2001 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतू आवेदन पेश किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर / दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 03/06/26 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर / दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर / दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 20/5/2026 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पिथौरा

# मुढ़ेना में विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन

**महासमुंद।** सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन कार्यक्रम ग्राम पंचायत मुढेना में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। शासन की इस योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, सरपंच अरुण नेताम, ग्रामीण महिला मोर्चा की नेत्री मानसी भारती एवं ज्योति यादव सहित स्थानीय पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण व किसान उपस्थित रहे। इस दौरान कृषि, मत्स्य पालन और उद्यानिकी विभाग के शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उन्नत खेती के तरीकों, स्वरोजगार के अवसरों और बागवानी फसलों से जुड़ी जानकारियों की विस्तृत प्रदर्शनी व जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। सभा संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हुलसी चंद्राकर ने सरकार के इस अभियान की सराहना की और सभी किसानों से शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने का आह्वान किया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.)
9630131550, 9039015615
ATUL PUBLICITY